✘ B. Cfb - समुद्री पश्चिमी तट जलवायु

✘ C. Aw - उष्णकटिबंधीय आर्द्र और शुष्क जलवायु

✔ D. ET - टुंड्रा जलवायु

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.62 ऑपरेटिंग सिस्टम का कौन-सा कार्य, रन कर रहे विभिन्न प्रोसेसेस के बीच CPU समय के आवंटन (allocation of CPU time) से संबंधित है?

Ans

✗ A. फाइल मैनेजमेंट

✓ B. प्रोसेस मैनेजमेंट

✗ C. मेमोरी मैनेजमेंट

✗ D. डिवाइस मैनेजमेंट

Q.63 भारत में 1991 के आर्थिक सुधार अवधि के दौरान विदेशी निवेशकों को कर प्रोत्साहन क्यों प्रदान किए गए थे?

Ans

✗ A. घरेलू एकाधिकार को बढ़ावा देने के लिए

✓ B. विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए

✗ C. विदेशी निवेश को हतोत्साहित करने के लिए

✗ D. सरकार के लिए कर राजस्व बढ़ाने के लिए

Q.64 सिकल सेल रोग (Sickle Cell Disease) के लिए नवंबर 2025 में लॉन्च की गई भारत की पहली स्वदेशी CRISPR-आधारित जीन थेरेपी का नाम क्या है?

Ans

✗ A. GENO-1

✗ B. सिकल क्योर

✓ C. BIRSA 101

✗ D. CRISPR-X

Q.65 फरवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किस देश और भारत ने उन्नत एवं लघु मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों पर केंद्रित साझेदारी स्थापित करने के लिए एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए?

Ans

✗ A. जापान (Japan)

✗ B. रूस (Russia)

✗ C. संयुक्त राज्य (United States)

✓ D. फ्रांस (France)

Q.66 CCPI (जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक) 2025 में, किसी देश के जलवायु प्रदर्शन का आकलन कैसे किया जाता है?

Ans

✗ A. जनमत सर्वेक्षणों और औद्योगिक विकास के रुझानों के माध्यम से

✓ B. उत्सर्जन, ऊर्जा उपयोग और विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा किए गए जलवायु नीति आंकड़ों को मिलाकर

✗ C. केवल नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन सांख्यिकी के आधार पर

✗ D. केवल राष्ट्रीय उत्सर्जन लक्ष्यों और वनावरण आंकड़ों का विश्लेषण करके

Q.67 भारत सरकार द्वारा सितंबर 2025 में प्रस्तावित मसौदा विधेयक के तहत शताब्दी वर्ष से पहले किस राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन में बदलाव किए गए हैं?

Ans

✓ A. भारतीय सांख्यिकी संस्थान (ISI)

✗ B. केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO)

✗ C. राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO)

✗ D. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)

Q.68 साम्राज्य के प्रमुख हिस्सों में जब्ती (Zabti) राजस्व प्रणाली शुरू करने का श्रेय किस मुगल शासक को दिया जाता है?

Ans

✗ A. औरंगजेब

✗ B. बाबर

✓ C. अकबर

✗ D. हुमायूं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.69 यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, हम्पी किस साम्राज्य की राजधानी थी?

Ans
✗ A. मुगल साम्राज्य
✗ B. मौर्य साम्राज्य
✗ C. गुप्त साम्राज्य
✓ D. विजयनगर साम्राज्य

Q.70 कंप्यूटर सिस्टम में PCB का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
✗ A. पैरिफेरल सर्किट बोर्ड (Peripheral Circuit Board)
✗ B. Physical Circuit Block (फिज़िकल सर्किट ब्लॉक)
✓ C. Printed Circuit Board (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड)
✗ D. Programmed Control Board (प्रोग्रैम्ड कंट्रोल बोर्ड)

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.71 यदि संख्या 2563174 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✗ A. एक भी नहीं
✓ B. दो
✗ C. तीन
✗ D. एक

Q.72 मोक्ष बिंदु A से शुरू करता है और दक्षिण दिशा में 21 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर14 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 29 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह फिर बाएं मुड़ता है और 21 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़कर 8 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
✗ A. 7 km, पश्चिम की ओर
✓ B. 7 km, पूर्व की ओर
✗ C. 8 km, पश्चिम की ओर
✗ D. 8 km, पूर्व की ओर

Q.73 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी मुर्गी, बटेर हैं। सभी बटेर, कबूतर हैं।

निष्कर्ष (I): कोई भी कबूतर, मुर्गी नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ कबूतर, मुर्गी हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.74 उत्तर की ओर अभिमुख व्यक्तियों की एक पंक्ति में, जॉनी बाएं छोर से 24वें स्थान पर है। अनुज बाएं छोर से 28वें स्थान पर है। जॉनी और ऋषभ के ठीक बीच में अनुज है। यदि ऋषभ पंक्ति के दाएं छोर से 16वें स्थान पर है, तो पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति हैं?

Ans
✓ A. 47
✗ B. 45
✗ C. 44
✗ D. 46

Railway BABA

Q.75 दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

MV7 PT13 RR19 ?

Ans
✗ A. TR27
✗ B. TP25
✓ C. SP25
✗ D. TQ26

Q.76 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 8 7 5 6 9 7 6 8 4 8 2 1 8 2 8 6 8 1 3 1 1 3 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है?

Ans
✓ A. दो
✗ B. चार
✗ C. एक
✗ D. तीन

Q.77 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेटों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
GFK : JAE
LGP : OBJ

Ans
✗ A. GIM : JDH
✗ B. JKH : MGB
✓ C. CLW : FGQ
✗ D. FNP : IIK

Q.78 एक निश्चित कूट भाषा में,
A x B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A ≠ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' और
A ₹ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'C ₹ D ≠ E ÷ L x M' है, तो C का M से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. पुत्री
✓ B. बहन की पुत्री
✗ C. बहन
✗ D. माता की माता

Q.79 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। C और G के बीच केवल दो बक्से रखे हैं। B के ऊपर केवल F रखा है। G के नीचे कोई बक्सा नहीं है। E, A के नीचे किसी स्थान पर और D के ऊपर किसी स्थान पर रखा है। F और D के बीच कितने बक्से हैं?

Ans
✓ A. 4
✗ B. 1
✗ C. 2
✗ D. 3

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ A. UQ - SP
✗ B. QM - OK
✗ C. NJ - LH
✗ D. WS - UQ

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.81 अनिल अपनी कक्षा में ऊपर से 27वें और नीचे से 19वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ A. 46
✓ B. 45
✗ C. 43
✗ D. 44

Q.82 एक निश्चित कूट भाषा में, "WIAO" को "40" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और "TNCR" को "47" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी दी गई भाषा में "FXAJ" के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ A. 30
✗ B. 41
✗ C. 39
✓ D. 33

Q.83 शब्द MONKEYS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से दूसरे अक्षर और दाईं ओर से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
✗ A. 4
✗ B. 5
✓ C. 2
✗ D. 1

Q.84 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

ICX 9, LFZ 16, OIB 25, RLD 36, ?

Ans
✗ A. VPJ 49
✗ B. UPI 48
✓ C. UOF 49
✗ D. VOJ 48

Q.85 सात व्यक्ति, J, K, C, D, E, Q और H, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
Q के दाएं केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। E के दाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J और E का निकटतम पड़ोसी K है। H, D के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है।
C और K के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✓ A. तीन
✗ B. पाँच
✗ C. चार
✗ D. दो

Q.86 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ A. JC-FG
✗ B. OH-KM
✗ C. LE-HJ
✗ D. QJ-MO

Railway BABA

Q.87 वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
✗ A. NPS
✗ B. EGJ
✗ C. QSV
✓ D. HJL

Q.88 यदि '+' का अर्थ '–' है, '–' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 – 3 ÷ 8 + 21 × 3 = ?

Ans
✗ A. 50
✓ B. 52
✗ C. 51
✗ D. 49

Q.89 यदि संख्या 5431786 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans
✗ A. 2
✗ B. 5
✗ C. 8
✓ D. 6

Q.90 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी कालीन, जूते हैं।
सभी पेंटिंग, जूते हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कालीन, पेंटिंग हैं।
(II) कुछ जूते, पेंटिंग हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.91 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करके इसे तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?
EIJ 33 GKL 27 IMN 21 KOP 15 ?

Ans
✗ A. MRQ 9
✗ B. MQV 8
✓ C. MQR 9
✗ D. MPQ 8

Railway BABA

Q.92 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए 13 पर – संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 120, 12)
(3, 84, 14)

Ans
✗ A. (2, 78, 13)
✗ B. (4, 150, 19)
✓ C. (6, 216, 18)
✗ D. (7, 155, 11)

Q.93 एक निश्चित तरीके से FR 6 का संबंध JL 17 से है। उसी प्रकार, EU 12 का संबंध IO 23 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SL 3 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ A. OK 17
✗ B. YT 9
✗ C. AK 11
✓ D. WF 14

Q.94 एक निश्चित कूट भाषा में, 'jaw bush oven' को 'ht vq xe' के रूप में और 'zebra egg jaw' को 'vq db ia' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'jaw' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ A. db
✓ B. vq
✗ C. ht
✗ D. xe

Q.95 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से SMAL का संबंध VQFR से है। उसी प्रकार, ECUJ का संबंध HGZP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NOJB का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
✗ A. QOSH
✗ B. QSHO
✗ C. QSIO
✓ D. QSOH

Q.96 सात व्यक्ति, R, B, Y, J, E, F और N, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Y दाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। B और Y के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E और J का निकटतम पड़ोसी N है। F, E के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है।
R और J के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ A. पाँच
✗ B. तीन
✓ C. चार
✗ D. दो

Q.97 शब्द JUMBLED का प्रत्येक अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से चौथे अक्षर और दाएं से पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी अक्षरमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
✗ A. 13
✓ B. 10
✗ C. 11
✗ D. 9

Railway BABA

Q.98 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

65 ? 24 15 11 10

Ans
✔ A. 40
✘ B. 44
✘ C. 42
✘ D. 38

Q.99 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
23 32 42 53 65 78 ?

Ans
✔ A. 92
✘ B. 85
✘ C. 87
✘ D. 90

Q.100 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ≤ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A ¥ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P - Q @ S ≤ T ¥ X' है, तो P का X से क्या संबंध है?

Ans
✘ A. पुत्र की पत्नी
✘ B. पिता की बहन
✔ C. भाई की पत्नी
✘ D. पिता की माता

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

Test Date	09/05/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB NTPC UnderGraduate CBT I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 8 संख्याओं का औसत 45 है। यदि प्रत्येक संख्या में 4 की कमी की जाए, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 37
- ✗ B. 45
- ✗ C. 8
- ✓ D. 41

Q.2 एक समद्विबाहु त्रिभुज के आधार पर खींचे गए शीर्षलंब की लंबाई $12\sqrt{2}$ cm है। इस त्रिभुज का परिमाप 48 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $36\sqrt{2}\ \text{cm}^2$
- ✗ B. $60\sqrt{2}\ \text{cm}^2$
- ✗ C. $12\sqrt{2}\ \text{cm}^2$
- ✓ D. $72\sqrt{2}\ \text{cm}^2$

Q.3 चार अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 6, 14 और 7 से विभाजित किए जाने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 5 प्राप्त हो।

Ans
- ✗ A. 9973
- ✗ B. 9998
- ✓ C. 9959
- ✗ D. 9946

Q.4 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 5% और 30% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 18%, 15% और 5% की क्रमिक छूट
(C) पहले 5 खिलौनों पर 11% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 47% की छूट
(D) 5 खिलौने खरीदने पर 2 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 5 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
- ✗ A. D
- ✗ B. B
- ✓ C. C
- ✗ D. A

Railway BABA

Q.5 दो थैलों में 5 : 7 के अनुपात में कंचे हैं। यदि दूसरे थैले से 12 कंचे को पहले थैले में स्थानांतरित किया जाए, तो दोनों थैलों में कंचों का अनुपात 7 : 5 हो जाता है। दूसरे थैले में कंचों की मूल संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 72
- ✗ B. 68
- ✓ C. 42
- ✗ D. 63

Q.6 एक बस 90 km की दूरी 3 घंटे में तय करती है। यदि बस की चाल 5 kmph बढ़ा दी जाए, तो 70 km की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 3 घंटे
- ✗ B. 3.5 घंटे
- ✗ C. 2.5 घंटे
- ✓ D. 2 घंटे

Q.7 किसी वस्तु की कीमत में 25% की वृद्धि की जाती है। वृद्धि के बाद वाली कीमत में कितने प्रतिशत की कमी की जानी चाहिए ताकि वह मूल कीमत के बराबर हो जाए?

Ans
- ✗ A. 30%
- ✗ B. 25%
- ✓ C. 20%
- ✗ D. 22%

Q.8 एक आयत का परिमाप 56 cm है। इसकी लंबाई इसकी चौड़ाई के दोगुने से 4 cm अधिक है। चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 12 cm
- ✗ B. 6 cm
- ✗ C. 10 cm
- ✓ D. 8 cm

Q.9 यदि किसी धनराशि पर 5% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹102.50 प्राप्त होता है, तो वह धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. ₹1,000
- ✗ B. ₹1,100
- ✗ C. ₹1,025
- ✗ D. ₹950

Q.10 एक व्यापारी ₹200 में, एक कुर्सी खरीदता है, उसे 10% लाभ पर बेचता है, और फिर क्रेता उसे 15% लाभ पर पुनः बेचता है। अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹260
- ✗ B. ₹230
- ✗ C. ₹242
- ✓ D. ₹253

Q.11 पाँच संख्याओं 7,11,15, x और 23 का औसत 15 है। x का मान कितना है?

Ans
- ✗ A. 17
- ✗ B. 23
- ✗ C. 21
- ✓ D. 19

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.12 यदि किसी वर्ग के विकर्ण को एक शीर्ष से आगे 6 इकाई तक विस्तारित किया जाता है, जिससे वर्ग के बाहर एक त्रिभुज बनता है, तो इस विस्तार और वर्ग की आसन्न भुजा के बीच का कोण कितना है?

Ans
- ✗ A. 30 डिग्री
- ✗ B. 60 डिग्री
- ✓ C. 45 डिग्री
- ✗ D. 90 डिग्री

Q.13 भाग के एक प्रश्न में भाजक, भागफल का 5 गुना और शेषफल का 4 गुना है। यदि शेषफल 15 है, तो भाज्य कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 735
- ✗ B. 734
- ✗ C. 740
- ✗ D. 739

Q.14 यदि 6y512 संख्या, 8 और 9 दोनों से पूर्णतः विभाज्य है, तो अंक y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 6
- ✓ C. 4
- ✗ D. 8

Q.15 $\left\{\left(\frac{14}{24}\right) \div \left(\frac{14}{9}\right)\right\} \div \left(\frac{3}{7} \text{x} \frac{14}{9} + \frac{5}{8}\right) + \frac{9}{10} \div \frac{31}{24} \text{of} \frac{24}{10}$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\frac{18}{31}$
- ✗ B. $\frac{13}{37}$
- ✗ C. $\frac{14}{33}$
- ✗ D. $\frac{17}{26}$

Q.16 $5.25 + 2.75 - \frac{3}{5} - \frac{2}{5} \times \frac{10}{20}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 6.2
- ✗ B. 8.2
- ✓ C. 7.2
- ✗ D. 5.2

Q.17 रितु 40 km की दूरी 20 km/h की चाल से और एक अन्य दूरी 40 km/h की चाल से 3 घंटे में तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 32 km/h
- ✗ B. 26 km/h
- ✗ C. 38 km/h
- ✗ D. 31 km/h

Railway BABA

Q.18 गिरीश ने एक परीक्षा में 448 अंक प्राप्त किए, जो अधिकतम अंकों के 16% से 64 अंक कम थे। उसी परीक्षा में उसके मित्र ने 672 अंक प्राप्त किए। उसके मित्र द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत कितना है?

Ans
✗ A. 19%
✗ B. 22%
✗ C. 24%
✓ D. 21%

Q.19 $15 + \frac{12}{\cot^2 A} - \frac{12}{\cos^2 A}$ को सरल कीजिए।

Ans
✓ A. 3
✗ B. 7
✗ C. 5
✗ D. 4

Q.20 ₹8,000 की राशि को 12.5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर (वार्षिक रूप से संयोजित) पर 2 वर्षों के लिए निवेश किया जाता है। अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

Ans
✓ A. ₹2,125
✗ B. ₹2,250
✗ C. ₹2,000
✗ D. ₹2,500

Q.21 दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 35 है और उनका गुणनफल 286 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 8
✗ B. 18
✗ C. 14
✓ D. 9

Q.22 दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 10 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 10 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
✗ A. 3
✗ B. 4
✗ C. 2
✓ D. 1

Q.23 एक ठोस घन को पिघलाया जाता है और उसकी सामग्री के आधे भाग को एक घनाभ के रूप में ढाला जाता है जिसकी लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई 2 : 1 : 1 के अनुपात में है। मूल घन और निर्मित घनाभ के आयतन के बीच का अंतर 250 cm^3 है। घनाभ का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $80\ cm^2$
✓ B. $250\ cm^2$
✗ C. $100\ cm^2$
✗ D. $120\ cm^2$

Q.24 एक बिक्री के दौरान, 50% वस्तुएं 21% के लाभ पर बेची जाती हैं, शेष वस्तुओं में से 40% वस्तुएं 36% के लाभ पर बेची जाती हैं और शेष वस्तुएं 29% की हानि पर बेची जाती हैं। यदि समग्र लाभ x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 9.5
✓ B. 9
✗ C. 10
✗ D. 8.5

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.25 A और B, किसी कार्य को क्रमशः 20 दिन और 25 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने मिलकर कार्य करना शुरू किया, लेकिन B ने 5 दिन बाद कार्य करना छोड़ दिया। शेष कार्य को पूरा करने में A को कितने दिन और लगेंगे?

Ans
✗ A. 12 दिन
✗ B. 10 दिन
✗ C. 9 दिन
✓ D. 11 दिन

Q.26 6 और 12 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 36
✓ B. 24
✗ C. 48
✗ D. 18

Q.27 एक पुत्री और उसकी माता की आयु का योग 76 वर्ष है। 4 वर्ष बाद, माता की आयु उसकी पुत्री की आयु की तीन गुनी होगी। माता की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
✗ A. 57
✗ B. 18
✓ C. 59
✗ D. 17

Q.28 एक दुकानदार किसी वस्तु पर उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक मूल्य अंकित करता है। फिर वह अंकित मूल्य पर 18% और 5% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 8.07%
✗ B. 9.77%
✗ C. 8.96%
✓ D. 9.06%

Q.29 तीन संख्याएँ 2 : 5 : 7 के अनुपात में हैं और इन्हें क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पद के रूप में लिया जाता है। यदि इनका चतुर्थानुपाती 140 है, तो मध्य संख्या (middle number) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 30
✗ B. 35
✗ C. 50
✓ D. 40

Q.30 यदि $x^2 \times x^3 = x^a$ और $\frac{x^2}{x^b} = x^1$ है, तो $a + b$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 5
✗ B. 4
✓ C. 6
✗ D. 7

Section : **General Awareness**

Q.31 भारत में कौन-सी ऋतु, तप्त, शुष्क पवनों से अभिलक्षित होती है जिसे 'लू (Loo)' के नाम से जाना जाता है?

Ans
✓ A. ग्रीष्म ऋतु
✗ B. मानसून निवर्तन
✗ C. शीत ऋतु
✗ D. पूर्व मानसून बौछारें

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.32 निम्नलिखित में से किस शासक ने प्रसिद्ध जूनागढ़ शिलालेख जारी करवाया था?

Ans

✗ A. कनिष्क

✗ B. नहपान

✓ C. रुद्रदामन प्रथम

✗ D. कडफिसेस प्रथम

Q.33 1991 के बाद भारत में शुरू किए गए राजकोषीय और मौद्रिक नीति सुधारों का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य क्या था?

Ans

✗ A. वित्तीय क्षेत्रक में विदेशी निवेश को कम करना

✗ B. बैंकिंग क्षेत्रक पर सरकारी नियंत्रण बढ़ाना

✗ C. सभी वित्तीय उत्पादों पर नियत ब्याज दरें बनाए रखना

✓ D. ब्याज दरों को उदार बनाकर और वित्तीय क्षेत्रक की दक्षता बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को स्थिर करना

Q.34 निम्नलिखित में से भारत का कौन-सा द्वीप/द्वीप समूह प्रवाल भित्ति (coral origin) से निर्मित है?

Ans

✗ A. अंडमान द्वीप समूह

✗ B. दीव द्वीप

✗ C. निकोबार द्वीप समूह

✓ D. लक्षद्वीप द्वीप समूह

Q.35 भारतीय संविधान के अनुसार, भूभाग के विलय द्वारा नागरिकता तब लागू होती है, जब _____।

Ans

✓ A. भारत नए क्षेत्र का अधिग्रहण करता है

✗ B. एक विदेशी पाँच वर्ष तक निवास करता है

✗ C. एक राज्य को दो भागों में विभाजित किया जाता है

✗ D. एक नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में जाता है

Q.36 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 2025 में जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (JNCASR) में विकसित नई सोडियम-आयन बैटरी को लगभग कितने समय में 80% तक तेज़ी से चार्ज किया जा सकता है?

Ans

✗ A. 36 मिनट

✗ B. 26 मिनट

✓ C. 6 मिनट

✗ D. 16 मिनट

Q.37 महीनों के गतिरोध और कार्यान्वयन से इनकार के बाद, किस राज्य सरकार ने नवंबर 2025 में उम्मीद (UMEED) पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण को अनिवार्य कर दिया?

Ans

✗ A. केरल

✓ B. पश्चिम बंगाल

✗ C. बिहार

✗ D. आंध्र प्रदेश

Q.38 1 सितंबर 2025 को किस संस्था के अध्यक्ष की नियुक्ति हुई, और अजय सेठ ने यह पदभार ग्रहण किया?

Ans

✗ A. NITI आयोग

✓ B. भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI)

✗ C. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)

✗ D. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)

Railway BABA

Q.39 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत, अनुच्छेद 20 और 21 को छोड़कर सभी प्रवर्तित मूल अधिकारों को निलंबित किया जाता है?

Ans

✗ A. अनुच्छेद 360

✓ B. अनुच्छेद 359

✗ C. अनुच्छेद 352

✗ D. अनुच्छेद 353

Q.40 विंडोज 11 टास्क मैनेजर के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य या असत्य हैं?

(i) यह नेटवर्क के उपयोग की निगरानी कर सकता है और यह पहचान कर सकता है कि कौन-सा ऐप सर्वाधिक बैंडविड्थ का उपयोग कर रहा है।
(ii) यह केवल अनरिस्पॉन्सिव ऐप्स को देख या बंद कर सकता है, नए प्रोग्राम या प्रक्रियाएं शुरू नहीं कर सकता।

Ans

✗ A. (i) असत्य, (ii) सत्य

✓ B. (i) सत्य, (ii) असत्य

✗ C. (i) असत्य, (ii) असत्य

✗ D. (i) सत्य, (ii) सत्य

Q.41 कंप्यूटर सिस्टम में RAM का पूर्ण रूप क्या है?

Ans

✗ A. Read-Only Access Memory (रीड-ओनली एक्सेस मेमोरी)

✗ B. Read Access Memory (रीड एक्सेस मेमोरी)

✓ C. Random Access Memory (रैंडम एक्सेस मेमोरी)

✗ D. Random Allocation Memory (रैंडम एलोकेशन मेमोरी)

Q.42 विश्व के सबसे बड़े सौर पार्कों में से एक, भड़ला सोलर पार्क किस भारतीय राज्य में स्थित है?

Ans

✓ A. राजस्थान

✗ B. मध्य प्रदेश

✗ C. गुजरात

✗ D. महाराष्ट्र

Q.43 संस्कृत के विकास और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

Ans

✓ A. 1970

✗ B. 1960

✗ C. 1980

✗ D. 1990

Q.44 1900 के दशक के आरंभ में लॉर्ड कर्ज़न के किस नीतिगत निर्णय ने प्रत्यक्ष रूप से तीव्र राष्ट्रवादी विरोध को भड़काया था?

Ans

✓ A. 1904 के यूनिवर्सिटी एक्ट को लागू करके भारतीय उच्च शिक्षा पर आधिकारिक नियंत्रण को और सख्त करना।

✗ B. भारतीय प्रतिनिधित्व बढ़ाए बिना सलाहकार परिषद की व्यवस्था में बदलाव करना।

✗ C. अनुदान और पर्यवेक्षी नियमों में छोटे-मोटे समायोजन करके स्थानीय निकायों के वित्त में संशोधन करना।

✗ D. प्रांतीय विभागों में नियमित प्रक्रियाओं में परिवर्तन लाने वाले छोटे प्रशासनिक नियम जारी करना।

Q.45 भारत में वैश्वीकरण का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans

✓ A. भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों से एकीकृत करना

✗ B. राष्ट्र के भीतर केवल आत्म-निर्भरता को बढ़ावा देना

✗ C. उच्च व्यापार बाधाओं को बढ़ाना और उन्हें बनाए रखना

✗ D. विदेशी व्यापार को पूरी तरह से प्रतिबंधित और बंद करना

Railway BABA

Q.46 भारतीय स्वतंत्रता सेनानी तात्या टोपे, जो 1857 के विद्रोह के एक प्रमुख नेता थे, को अंग्रेजों द्वारा किस वर्ष फाँसी दी गई थी?

Ans

✗ A. 1857

✗ B. 1858

✓ C. 1859

✗ D. 1860

Q.47 100वें संशोधन के बाद का निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे वर्तमान संशोधन है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करना है, और जिसमें पूर्णतः लागू होने से पूर्व कुछ संक्रमणकालीन तथा परिसीमन संबंधी आवश्यकताएं शामिल हैं?

Ans

✗ A. 105वां संशोधन

✓ B. 106वां संशोधन

✗ C. 104वां संशोधन

✗ D. 103वां संशोधन

Q.48 भारत में जनहित याचिका (PIL) की प्रथा द्वारा निम्नलिखित में से किस न्यायिक उपागम का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है?

Ans

✗ A. न्यायिक निष्क्रियता

✗ B. न्यायिक निरंकुशता

✗ C. न्यायिक संयम

✓ D. न्यायिक सक्रियता

Q.49 नवंबर 2024 में बाकू, अज़रबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का कौन-सा सत्र आयोजित किया गया था?

Ans

✗ A. COP26

✗ B. COP28

✗ C. COP27

✓ D. COP29

Q.50 निम्नलिखित में से किस SI उपसर्ग का गुणात्मक गुणक (multiplicative factor) 10^{-9} है?

Ans

✗ A. सेंटी (Senti)

✓ B. नैनो (Nano)

✗ C. माइक्रो (micro)

✗ D. मिली (Milli)

Q.51 इसरो (ISRO) द्वारा घोषित भारतीय अंतराक्षा स्टेशन (BAS) पहल का मुख्य लक्ष्य क्या है?

Ans

✗ A. भारत का पहला अंतरिक्ष टेलीस्कोप बनाना

✗ B. भारत में उपग्रह प्रक्षेपणों का निजीकरण करना

✗ C. मंगल ग्रह के लिए भारत का पहला मानव मिशन लॉन्च करना

✓ D. एक स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना

Q.52 निम्नलिखित में से कौन-सा संरचनात्मक बेरोजगारी का उदाहरण है?

Ans

✗ A. मांग में अस्थायी कमी के दौरान एक श्रमिक की छंटनी कर दी जाती है।

✗ B. एक व्यक्ति उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ देता है।

✓ C. उद्योग के स्वचालन के कारण एक कपड़ा श्रमिक अपनी नौकरी खो देता है।

✗ D. पर्यटन में मौसमी उतार-चढ़ाव के कारण एक श्रमिक अपनी नौकरी खो देता है।

Railway BABA

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सा फाइल फॉर्मेट, डेस्टिनेशन फॉर्मेट और वर्जन से प्रभावित नहीं होता है?

Ans
- ✗ A. .ppt
- ✗ B. .pptx
- ✗ C. .docx
- ✓ D. .pdf

Q.54 कौन-सा अग्न्याशयी हार्मोन शरीर की कोशिकाओं द्वारा ग्लूकोज़ के अवशोषण को उद्दीपित (stimulate) करके रक्त में ग्लूकोज़ के स्तर को नियंत्रित करता है?

Ans
- ✓ A. इंसुलिन (Insulin)
- ✗ B. कोर्टिसोल (Cortisol)
- ✗ C. ग्लूकागॉन (Glucagon)
- ✗ D. थायरॉक्सिन (Thyroxine)

Q.55 नवंबर 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1, भारतीय राज्यक्षेत्र को संवैधानिक प्रावधानों के तहत कितनी अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत करता है?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. पाँच
- ✗ C. दो
- ✓ D. तीन

Q.56 जल संरक्षण के लिए किस सिंचाई तकनीक को सबसे कुशल माना जाता है?

Ans
- ✗ A. स्प्रिंकलर सिंचाई
- ✗ B. आप्लाव सिंचाई
- ✓ C. ड्रिप सिंचाई
- ✗ D. नहर सिंचाई

Q.57 यदि 10 kg द्रव्यमान का कोई पिंड 5 m/sec^2 के त्वरण से गतिमान है, तो परिणामी बल कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 50 न्यूटन
- ✗ B. 5 न्यूटन
- ✗ C. 2 जूल
- ✗ D. 2 न्यूटन

Q.58 हड़प्पावासियों द्वारा कांस्य ढलाई के लिए प्रयुक्त लोकप्रिय तकनीक का नाम बताइए।

Ans
- ✗ A. ओपन मोल्ड कास्टिंग तकनीक (Open Mould Casting Technique)
- ✗ B. डाई कास्टिंग तकनीक (Die Casting Technique)
- ✗ C. सैंड कास्टिंग तकनीक (Sand Casting Technique)
- ✓ D. लॉस्ट-वैक्स तकनीक (Lost-Wax Technique)

Q.59 प्रसिद्ध संस्कृत कवि और नाटककार कालिदास किस गुप्त शासक के दरबार में थे?

Ans
- ✓ A. चंद्रगुप्त द्वितीय
- ✗ B. चंद्रगुप्त प्रथम
- ✗ C. स्कंदगुप्त
- ✗ D. समुद्रगुप्त

Q.60 भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में असमान भूभाग और कम वर्षा के कारण टैंक सिंचाई मुख्य रूप से की जाती है?

Ans
- ✓ A. कर्नाटक
- ✗ B. हिमाचल प्रदेश
- ✗ C. पश्चिम बंगाल
- ✗ D. हरियाणा

Railway BABA

Q.61 फरवरी 1922 में घटित किस घटना के कारण महात्मा गांधी द्वारा असहयोग आंदोलन वापस ले लिया गया था?

Ans

✗ A. मुंबई और अहमदाबाद में कपड़ा श्रमिकों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

✓ B. चौरी चौरा घटना के दौरान पुलिसकर्मियों पर हुआ हिंसक हमला

✗ C. ब्रिटिश सरकार द्वारा नागरिक स्वतंत्रता पर लगे प्रतिबंधों को निलंबित करने का निर्णय

✗ D. लंदन द्वारा संवैधानिक वार्ताओं के एक नए दौर की स्वीकृति

Q.62 निम्नलिखित में से किस प्राणी को प्रोजेक्ट हंगुल (Hangul) में लक्षित किया गया है?

Ans

✗ A. हिमालयी कस्तूरी मृग (Himalayan Musk deer)

✗ B. लाल पांडा (Red Panda)

✗ C. भारतीय बाइसन (Indian Bison)

✓ D. कश्मीर स्टैग (Kashmir Stag)

Q.63 संत ज्ञानेश्वर ने अपनी प्रसिद्ध रचना ज्ञानेश्वरी के माध्यम से भगवद गीता का किस क्षेत्रीय भाषा में अनुवाद किया?

Ans

✗ A. पंजाबी

✗ B. मलयालम

✗ C. ओडिया

✓ D. मराठी

Q.64 2025 में, किस कंपनी ने घोषणा की कि वह 2030 तक भारत में हवाई अड्डों के विस्तार के लिए US$15 बिलियन का निवेश करने की योजना बना रही है?

Ans

✗ A. टाटा ग्रुप (Tata Group)

✗ B. रिलायंस ग्रुप (Reliance Group)

✓ C. अडानी ग्रुप (Adani Group)

✗ D. जिंदल ग्रुप (Jindal Group)

Q.65 निम्नलिखित में से किस स्थिति में किया गया कार्य ऋणात्मक होता है?

Ans

✗ A. बल और विस्थापन 0° और 90° के बीच हैं

✓ B. बल और विस्थापन 90° और 180° के बीच हैं

✗ C. बल और विस्थापन परस्पर लंबवत हैं

✗ D. बल और विस्थापन एक ही दिशा में हैं

Q.66 जूनागढ़ जिले को ऊना में देश की पहली लोक अदालत आयोजित करने के लिए किस वर्ष मान्यता प्राप्त हुई?

Ans

✗ A. 1984

✗ B. 1985

✗ C. 1983

✓ D. 1982

Q.67 फरवरी 2025 में PM मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान निम्नलिखित में से किस घोषणा पर हस्ताक्षर नहीं किए गए थे?

Ans

✗ A. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भारत-फ्रांस घोषणापत्र (India-France Declaration on Artificial Intelligence)

✗ B. भारत-फ्रांस नवाचार संधि (India-France Innovation Treaty)

✓ C. भारत-फ्रांस अवंसरचना पैक्ट (India-France Infrastructure Pact)

✗ D. भारत-फ्रांस साइबर सुरक्षा समझौता (India-France Cybersecurity Agreement)

Railway BABA

Q.68 2025 में, निम्नलिखित में से कौन जापान की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनीं?

Ans
✗ A. योको कामिकावा (Yōko Samikawa)
✗ B. किमी ओनोडा (Kimi Onoda)
✗ C. सत्सुकी कात्यामा (Satsuki Katayama)
✓ D. साने ताकाइची (Sanae Takaichi)

Q.69 फुटबॉल में निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति 'पेनल्टी किक' दिए जाने का कारण बनती है?

Ans
✗ A. गोलकीपर गोल के बाहर गेंद को हैंडल करता है।
✗ B. एक खिलाड़ी ऑफसाइड होता है।
✗ C. एक खिलाड़ी लगातार तीन गोल करता है।
✓ D. पेनल्टी क्षेत्र के अंदर एक फाउल किया जाता है।

Q.70 क्रोम (Chrome) जैसे वेब ब्राउजर का उपयोग इंटरनेट एक्सेस करने के लिए किया जाता है। इस प्रकार यह एक _____ है।

Ans
✗ A. डिवाइस ट्रबलशूटर
✗ B. सिस्टम सॉफ्टवेयर
✗ C. हार्डवेयर
✓ D. एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.71 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A & B का अर्थ है कि 'A, B का पति है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' और
A * B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि G * K & V @ P # W % J है, तो J का G से क्या संबंध है?

Ans
✓ A. भाई की पत्नी
✗ B. बहन का पुत्र
✗ C. माता के भाई का पुत्र
✗ D. भाई की पुत्री

Q.72 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए और '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
2814 × 7 − 3 ÷ 75 + 5 = ?

Ans
✗ A. 421
✗ B. 522
✓ C. 622
✗ D. 321

Q.73 मि. योरली बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और उत्तर की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 13 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 44 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है तथा बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?
(जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
✗ A. 33 km, दक्षिण की ओर
✗ B. 22 km, पूर्व की ओर
✗ C. 35 km, उत्तर की ओर
✓ D. 31 km, पश्चिम की ओर

Railway BABA

Q.74 दी गई श्रृंखला में "?" के स्थान पर क्या आएगा?

43 ? 31 67 19 79

Ans
✗ A. 60
✓ B. 55
✗ C. 50
✗ D. 52

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और वे इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. NI - MH
✗ B. HC - GB
✗ C. LG - KF
✓ D. JE - MK

Q.76 एक निश्चित कूट भाषा में, 'eagle gum novel' को 'fq ko hz' के रूप में और 'novel fresh zebra' को 'ko ef ni' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'novel' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ A. ef
✗ B. hz
✓ C. ko
✗ D. fq

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ACE DFH GIK JLN ?

Ans
✗ A. NQT
✗ B. OQS
✓ C. MOQ
✗ D. MPQ

Q.78 उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए शब्दों के उस सही क्रम को निरूपित करता है, जिस प्रकार वे अंग्रेजी शब्दकोश में दिखाई देंगे।
1. Bright
2. Bring
3. Bread
4. Break
5. Brain

Ans
✓ A. 5, 3, 4, 1, 2
✗ B. 1, 5, 4, 2, 3
✗ C. 2, 5, 1, 4, 3
✗ D. 5, 3, 1, 2, 4

Q.79 सात बक्से C, D, E, F, G, H और P एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे हों। C को सबसे नीचे से दूसरे स्थान पर रखा जाता है। C और G के बीच केवल तीन बक्से रखे जाते हैं। F को C के नीचे किसी एक स्थान पर रखा जाता है। G और P के बीच केवल H को रखा जाता है। E को G के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा जाता है। D और E के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
✗ A. चार
✓ B. तीन
✗ C. एक
✗ D. दो

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.80 सात डिब्बे B, C, D, E, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। C के नीचे कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। E और C के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। D के ऊपर केवल Q रखा गया है। S, B के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है और R के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। S के ठीक ऊपर कौन-सा डिब्बा रखा गया है?

Ans
- ✗ A. D
- ✓ B. E
- ✗ C. B
- ✗ D. R

Q.81 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

217 190 165 142 121 102 ?

Ans
- ✗ A. 87
- ✗ B. 90
- ✗ C. 92
- ✓ D. 85

Q.82 एक निश्चित कूट भाषा में, "SFOR" को "116" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और "WILA" को "90" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी दी गई भाषा में "GMVC" के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 120
- ✗ B. 95
- ✗ C. 110
- ✓ D. 90

Q.83 यदि संख्या 7213546 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से तीसरा होगा?

Ans
- ✗ A. 5
- ✓ B. 3
- ✗ C. 7
- ✗ D. 9

Q.84 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से BGKM का संबंध HKMN से है। उसी प्रकार, FHNP का संबंध LLPQ से है।
समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NRTX का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. GFLN
- ✓ B. TVVY
- ✗ C. SWYC
- ✗ D. TXZD

Q.85 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. CW-TB
- ✗ B. RL-IQ
- ✗ C. VP – MU
- ✓ D. OI – EN

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.86 सात व्यक्ति H, I, J, K, W, Y और Z एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। K, W के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है, I के दाईं ओर कोई भी व्यक्ति नहीं बैठा है, I और K के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Z, J के दाएं पड़ोस में बैठा है। Y और Z के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.87 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. UWX
- ✗ B. PRU
- ✗ C. JLO
- ✗ D. CEH

Q.88 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
FCZ YVS ROL KHE ?

Ans
- ✗ A. DFG
- ✗ B. DZW
- ✓ C. DAX
- ✗ D. DBW

Q.89 Ar, Bg, Cf, Dn, Ej, Fm और Gv एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Bg, Ej के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। Gv, Ej के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। Cf और Bg का निकटतम पड़ोसी Fm है। Dn, Ej का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
Fm के बाएं से गिनती करने पर Ar और Fm के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.90 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पति है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की माता है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'G ÷ H + I × T - R' है, तो G का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. पिता की बहन
- ✗ B. माता की बहन
- ✗ C. पिता की माता
- ✗ D. भाई की पत्नी

Q.91 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते है?
कथन: सभी गाजर, प्याज हैं। सभी प्याज, मटर हैं।
निष्कर्ष (I): सभी मटर, गाजर हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ प्याज, गाजर हैं।

Ans
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.92 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते है?

कथन: सभी अंडे, वर्ग हैं। कुछ कौवे, अंडे हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ वर्ग, कौवे हैं।
निष्कर्ष (II): सभी अंडे, कौवे हैं।

Ans
✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.93 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।

(बाएं) S Z E C A O Q M D P U I J L N X K D (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
✗ A. एक
✗ B. तीन
✗ C. एक भी नहीं
✓ D. दो

Q.94 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 486 होगा?

Ans
✓ A. 404 A 4 D 15 C 50 B 8
✗ B. 404 A 4 C 15 D 50 B 8
✗ C. 404 D 4 D 15 C 50 A 8
✗ D. 404 B 4 D 15 C 50 A 8

Q.95 उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

(5, 3, 16)
(6, 3, 19)

Ans
✗ A. (4, 6, 21)
✗ B. (3, 5, 15)
✓ C. (1, 7, 8)
✗ D. (7, 3, 20)

Q.96 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, LHLP का संबंध TPTX से है। उसी प्रकार, DZDH का संबंध LHLP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JFJN का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ A. RMQV
✗ B. RNQV
✓ C. RNRV
✗ D. ROQW

Railway BABA

Q.97 सात डिब्बे R, S, T, U, V, W और X एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो। V को न तो सबसे ऊपर रखा गया है और न ही सबसे नीचे रखा गया है। U और W के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। R को S और T के बीच किसी एक स्थान पर रखा गया है। W को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है और T के ठीक नीचे रखा गया है।
X और T के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
✗ A. चार
✗ B. तीन
✗ C. दो
✓ D. एक

Q.98 शब्द GUILDER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में, बाएं से चौथे अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
✗ A. 7
✗ B. 9
✗ C. 11
✓ D. 8

Q.99 एक निश्चित तरीके से BO 7 का संबंध EI -7 से है। उसी प्रकार, CS 10 का संबंध FM -4 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, IJ 20 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ A. HT -6
✗ B. OP -3
✓ C. LD 6
✗ D. GJ 9

Q.100 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
CGT FJW IMZ LPC ?

Ans
✗ A. NRE
✓ B. OSF
✗ C. QTC
✗ D. ORF

Railway BABA

"

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

Test Date	09/05/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB NTPC UnderGraduate CBT I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 यदि 9 नोटबुक की कीमत ₹135 है, तो उसी प्रकार की 20 नोटबुक की कीमत कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. ₹270
- ✗ B. ₹280
- ✗ C. ₹320
- ✓ D. ₹300

Q.2 यदि p एक अभाज्य संख्या है और महत्तम समापवर्तक (GCD), $(p^2-1, p^2+1) = 2$ है, तो p का मान क्या होना चाहिए?

Ans
- ✗ A. केवल 3
- ✓ B. कोई भी विषम अभाज्य संख्या
- ✗ C. केवल 2
- ✗ D. कोई भी अभाज्य संख्या

Q.3 पांच वर्ष पूर्व, कविता की आयु उसकी माता की वर्तमान आयु की एक तिहाई थी। पांच वर्ष बाद, उनकी आयु का योग 75 वर्ष होगा। कविता की वर्तमान आयु क्या है?

Ans
- ✗ A. 23 वर्ष
- ✓ B. 20 वर्ष
- ✗ C. 21 वर्ष
- ✗ D. 22 वर्ष

Q.4 किसी कार्य पर 40 व्यक्ति एक साथ कार्य करना शुरू करते हैं। लेकिन कुछ दिन बाद, 10 व्यक्ति कार्य छोड़कर चले जाते हैं। परिणामस्वरूप, जो कार्य 50 दिन में पूरा होना चाहिए था, वह 60 दिन में पूरा होता है। कार्य शुरू होने के कितने दिन बाद, वे 10 व्यक्ति कार्य छोड़कर चले गए?

Ans
- ✓ A. 20
- ✗ B. 18
- ✗ C. 22
- ✗ D. 15

Q.5 एक निश्चित कपड़े की कीमत, दी गई चौड़ाई के लिए उसकी लंबाई के अनुक्रमानुपाती है। यदि 8 मीटर कपड़े की कीमत ₹3,200 है, तो उसी 25 मीटर कपड़े की कीमत क्या होगी?

Ans
- ✗ A. ₹9,600
- ✗ B. ₹9,400
- ✓ C. ₹10,000
- ✗ D. ₹9,800

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝🔥

Q.6 किसी वस्तु के मूल्य में 24% की कमी की जाती है लेकिन उस वस्तु की दैनिक बिक्री में 33% की वृद्धि होती है। दैनिक बिक्री प्राप्तियों पर शुद्ध प्रभाव ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 1.08% वृद्धि
- ✘ B. 1.08% कमी
- ✘ C. 2.16% कमी
- ✘ D. 2.16% वृद्धि

Q.7 एक समांतर चतुर्भुज में दो आसन्न कोणों का अंतर 40° है। छोटे कोण का माप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 80°
- ✘ B. 60°
- ✔ C. 70°
- ✘ D. 50°

Q.8 $(\cos^2 67° - \sin^2 23°) + 4\ \text{Cos}30°$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $5\sqrt{2}$
- ✔ B. $2\sqrt{3}$
- ✘ C. $3\sqrt{2}$
- ✘ D. $\sqrt{3}$

Q.9 एक ठोस लंब वृत्तीय बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल $1408\pi\ \text{cm}^2$ है। यदि बेलन का आयतन अधिकतम है, तो त्रिज्या और ऊँचाई का अनुपात क्या होगा?

Ans
- ✘ A. $2:1$
- ✘ B. $1:3$
- ✘ C. $1:4$
- ✔ D. $1:2$

Q.10 $18 - [6 \times 2 - (3 + 1)] + 7$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✔ A. 17
- ✘ B. 15
- ✘ C. 19
- ✘ D. 21

Q.11 दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 18 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 18 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✘ A. 2
- ✘ B. 4
- ✘ C. 3
- ✔ D. 1

Q.12 एक फिटनेस पार्क में, एक सीधी पैदल पथ को तीन लगातार खंडों में विभाजित किया गया है। पहले और तीसरे खंड की लंबाई क्रमशः 18 m और 50 m है। यदि मध्य खंड की लंबाई, अन्य दो खंडों की लंबाई के बीच माध्यानुपाती है, तो उसकी लंबाई कितनी होगी?

Ans
- ✘ A. 36 m
- ✔ B. 30 m
- ✘ C. 27 m
- ✘ D. 25 m

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.13 सारंग ने एक निश्चित धनराशि को 10% वार्षिक ब्याज दर से निवेश किया। 2 वर्ष बाद, उसे चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹178.5 प्राप्त हुए, जहाँ ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। समान ब्याज दर से 2 वर्षों के लिए संगत साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 170
- ✘ B. 165
- ✘ C. 185
- ✘ D. 180

Q.14 दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 77 है और उनका गुणनफल 1392 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 21
- ✘ B. 24
- ✘ C. 37
- ✔ D. 19

Q.15 दो ट्रेनें, X और Y, दिल्ली और मुंबई से एक ही समय पर एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करती हैं। मिलने के बाद, ट्रेन X को मुंबई पहुँचने में 6 घंटे और ट्रेन Y को दिल्ली पहुँचने में 8 घंटे लगते हैं। यदि ट्रेन X की चाल 60 km/h है, तो ट्रेन Y की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $30\sqrt{2}$ km/h
- ✘ B. $28\sqrt{2}$ km/h
- ✔ C. $30\sqrt{3}$ km/h
- ✘ D. $28\sqrt{3}$ km/h

Q.16 m का वह मान ज्ञात कीजिए, जो निम्नलिखित को संतुष्ट करता हो:

$$\left(\frac{23}{5}\right)^{13} \times \left(\frac{5}{23}\right)^{9} \times \left(\frac{23}{5}\right)^{5} = \left(\frac{5}{23}\right)^{6m+9}$$

Ans
- ✘ A. 5
- ✔ B. -3
- ✘ C. 4
- ✘ D. 11

Q.17 कोई धनराशि वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 3 वर्षों में ₹19,360 हो जाती है। अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज (₹ में) कितना होगा?
(अपने उत्तर को निकटतम पैसे तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✘ A. ₹4914.55
- ✘ B. ₹4714.55
- ✘ C. ₹4614.55
- ✔ D. ₹4814.55

Q.18 एक कार 3 घंटे में 180 km की दूरी तय करती है। उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 50 km/h
- ✘ B. 70 km/h
- ✘ C. 80 km/h
- ✔ D. 60 km/h

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.19 किसी वस्तु की कीमत में प्रति वर्ष एकांतर क्रम में 20% की दर से वृद्धि और कमी होती है। यदि दूसरे और तीसरे वर्ष के अंत में कीमतों के बीच अंतर ₹1,920 है, तो पहले वर्ष के अंत में वस्तु की कीमत का 40% (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. ₹4,800
- ✘ B. ₹3,200
- ✘ C. ₹3,600
- ✘ D. ₹2,400

Q.20 निम्नलिखित बंटन का बहुलक ज्ञात कीजिए।

वर्ग	5-15	15-25	25-35	35-45
बारंबारता	6	14	18	12

Ans
- ✘ A. 28
- ✘ B. 26
- ✔ C. 29
- ✘ D. 30

Q.21 अमन और राज किसी व्यवसाय में क्रमशः ₹12,000 और ₹18,000 निवेश करते हैं। एक वर्ष बाद, उन्हें ₹15,000 का लाभ प्राप्त होता है। प्रत्येक को कितना लाभ प्राप्त होगा?

Ans
- ✘ A. अमन: ₹7,500, राज: ₹7,500
- ✘ B. अमन: ₹5,000, राज: ₹10,000
- ✔ C. अमन: ₹6,000, राज: ₹9,000
- ✘ D. अमन: ₹8,000, राज: ₹7,000

Q.22 तीन संख्याएँ 5 : 14 : 9 के अनुपात में हैं, और उनका LCM 7560 है। उनका HCF कितना है?

Ans
- ✔ A. 12
- ✘ B. 53
- ✘ C. 11
- ✘ D. 32

Q.23 एक बेलनाकार टैंक की त्रिज्या 7 m और ऊँचाई 11 m है। इसमें कितना लीटर जल भरा जा सकता है? (π = 22/7 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✘ A. 16,74,000
- ✘ B. 16,64,000
- ✘ C. 16,84,000
- ✔ D. 16,94,000

Q.24 एक मेट्रो स्टेशन में तीन स्वचालित दरवाजों की सिस्टम जांच क्रमशः 14 मिनट, 18 मिनट और 21 मिनट के नियमित अंतराल पर की जाती है। यदि तीनों दरवाजों की जांच शुरुआत में एक साथ की जाती है, तो कितने मिनट बाद उनकी पहली बार एक साथ पुनः जांच की जाएगी?

Ans
- ✘ A. 132 मिनट
- ✘ B. 142 मिनट
- ✘ C. 136 मिनट
- ✔ D. 126 मिनट

Q.25 एक दुकानदार एक घड़ी को 30% की छूट देने के बाद ₹840 में बेचता है। घड़ी का अंकित मूल्य (₹ में) कितना था?

Ans
- ✔ A. 1,200
- ✘ B. 1,050
- ✘ C. 1,100
- ✘ D. 1,000

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.26 एक व्यापारी 1 kg चावल बेचने का दावा करता है लेकिन वास्तव में केवल x ग्राम देता है। वह क्रय मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है। यदि उसका समग्र लाभ 25% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 864
- ✘ B. 856
- ✘ C. 825
- ✘ D. 870

Q.27 एक दुकानदार ने ₹2,850 में 7 अलंकारी लैंप खरीदे। क्षतिग्रस्त होने के कारण 2 लैंप नहीं बिक सकें। उसने शेष लैंप को ₹360 प्रति लैंप की दर से बेच दिया। उसकी कुल हानि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹960
- ✘ B. ₹840
- ✘ C. ₹1,100
- ✔ D. ₹1,050

Q.28 निम्नलिखित आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए। (दशमलव के ठीक दो स्थानों तक)

वर्ग अंतराल	0-6	6-12	12-18	18-24	24-30	30-36
बारंबारता	5	7	10	13	9	8

Ans
- ✘ A. 29.73
- ✔ B. 19.85
- ✘ C. 26.48
- ✘ D. 21.23

Q.29 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 18% और 39% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 29%, 45% और 4% की क्रमिक छूट
(C) पहले 8 खिलौनों पर 29% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 31% की छूट
(D) 8 खिलौने खरीदने पर 7 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 8 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
- ✘ A. D
- ✔ B. C
- ✘ C. A
- ✘ D. B

Q.30 रिया और नेहा के पास एक निश्चित धनराशि है। यदि रिया, नेहा को ₹20 देती है, तो रिया के पास नेहा की धनराशि से तीन गुना अधिक धनराशि हो जाएगी। वहीं, यदि नेहा, रिया को ₹40 देती है, तो रिया के पास नेहा की धनराशि से पांच गुना अधिक धनराशि हो जाएगी। प्रारंभ में रिया और नेहा के पास मिलाकर कुल कितनी धनराशि (₹ में) थी?

Ans
- ✘ A. 690
- ✔ B. 720
- ✘ C. 710
- ✘ D. 700

Section : General Awareness

Q.31 जनांकिकीय संक्रमण मॉडल के दूसरे चरण के दौरान विकासशील देशों में तीव्र जनसंख्या वृद्धि का प्राथमिक कारण क्या है?

Ans
- ✘ A. उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर
- ✘ B. निम्न जन्म दर और उच्च मृत्यु दर
- ✔ C. उच्च जन्म दर और घटती मृत्यु दर
- ✘ D. निम्न जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

Railway BABA

Q.32 भू-आकृतिक प्रक्रियाओं के संदर्भ में ज्वालामुखी गतिविधि के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक सही है?

Ans

✗ A. यह केवल मौजूदा भू-आकृतियों में कमी करता है

✗ B. इसे संचालित होने के लिए बहते जल की आवश्यकता होती है

✗ C. यह वर्षा और तापमान द्वारा नियंत्रित होता है

✓ D. यह मुख्य रूप से भू-पर्पटी के भागों का निर्माण करता है या उन्हें ऊपर उठाता है

Q.33 भारतीय संविधान के भाग XI के अनुच्छेद 245 से 255 मुख्य रूप से केंद्र-राज्य संबंधों के किस पहलू से संबंधित हैं?

Ans

✓ A. विधायी संबंध

✗ B. प्रशासनिक संबंध

✗ C. वित्तीय संबंध

✗ D. न्यायिक संबंध

Q.34 कौन-सा शॉर्टकट, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड या माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में वर्तमान फाइल (current file) को सेव करता है?

Ans

✓ A. Ctrl + S

✗ B. Ctrl + V

✗ C. Ctrl + F

✗ D. Ctrl + Tab

Q.35 किस अनुसूची में ग्रामीण स्थानीय स्वशासन या पंचायती राज के निर्धारित कार्य शामिल हैं?

Ans

✓ A. 11वीं अनुसूची

✗ B. 10वीं अनुसूची

✗ C. 12वीं अनुसूची

✗ D. 9वीं अनुसूची

Q.36 2025 तक की स्थिति के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (IRENA) के आंकड़ों के आधार पर किस देश के पास विश्व में सर्वाधिक स्थापित जलविद्युत क्षमता है?

Ans

✗ A. ब्राज़ील

✗ B. कनाडा

✓ C. चीन

✗ D. संयुक्त राज्य अमेरिका

Q.37 1905 के बाद स्वदेशी आंदोलन का उद्देश्य किस प्रकार से ब्रिटिश नीतियों का विरोध करना था?

Ans

✗ A. स्थानीय उद्यमों को प्रतिबंधित करने वाले औपनिवेशिक कारखाना कानूनों का समर्थन करके

✗ B. शुल्क संबंधी रियायतों पर बातचीत करने के लिए राजनयिक परिषदों का गठन करके

✓ C. स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देकर और विदेशी उत्पादों को अस्वीकार करके

✗ D. युवाओं को संगठित रक्षा के लिए प्रशिक्षित करने हेतु सैन्य अभ्यास अपनाकर

Q.38 2017 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित अरुणा मोहंती निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से संबंधित है?

Ans

✗ A. भरतनाट्यम

✗ B. कथकली

✓ C. ओडिसी

✗ D. मणिपुरी

Q.39 नवंबर 2025 में, सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी किस शहर ने की थी?

Ans

✗ A. मुंबई

✗ B. नई दिल्ली

✗ C. हैदराबाद

✓ D. लखनऊ

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates 🤝 🔥

Q.40 फरवरी 2025 में ISRO ने कौन-सा, अपने प्रकार का प्रथम प्रोपेलेंट-प्रोडक्शन डिवाइस (first-of-its-kind propellant-production device) का अनावरण किया?

Ans

✗ A. ऑटोमेटेड लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट (Automated liquid oxygen plant)

✓ B. 10 टन का वर्टिकल प्लैनेटरी मिक्सर (10-tonne Vertical Planetary Mixer)

✗ C. 3D प्रिंटेड फ्यूल इंजेक्टर असेंबली (3D-printed fuel injector assembly)

✗ D. हॉरिजॉन्टल मिक्सिंग फैसिलिटी (Horizontal mixing facility)

Q.41 कदंब राजवंश की स्थापना गुरिल्ला युद्ध में विशेषज्ञ _____ ने की थी।

Ans

✓ A. मयूरसरमन (Mayurasarman)

✗ B. विनयादित्य (Vinayaditya)

✗ C. पुलकेसिन (Pulakesin)

✗ D. महेन्द्रवर्मन (Mahendravarman)

Q.42 राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans

✗ A. कोई भी नागरिक रिट याचिकाओं के माध्यम से उन्हें लागू करवा सकता है।

✗ B. वे निरपेक्ष हैं और किसी भी परिस्थिति में उनमें संशोधन नहीं किया जा सकता है।

